# 'हरियाणा फिर नंबर-1 बनने की राह में आगे बढ़ेगा'

## आज कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल रहा, आज प्रदेश के युवा बेरोजगार घूम रहे है, प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर: कुलदीप शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पूर्व विधानसभा स्पीकर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में गन्नौर हलके के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज का प्रत्येक वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। आज कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल रहा। आज प्रदेश के युवा बेरोजगार घूम रहे है। इसके प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर है, जिसका उदाहरण लोगों ने नूंह हिंसा में देख लिया है। फिर हरियाणा का मुख्यमंत्री कहते हैं कि पुलिस क्या हर व्यक्ति की सुरक्षा कर सकती है अगर पुलिस लोगों की सुरक्षा नहीं करेगी तो और कौन करेगा। पूर्व विधानसभा स्पीकर ने कहा कि जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तो हरियाणा विकास में नंबर-1 था लेकिन आज का हरियाणा क्राईम, हिंसात्मक घटनाओं, बेरोजगारी, मंहगाई में नंबर वन है। लेकिन अब हरियाणा की जनता सब समझ गई है कि उनका विकास केवल कांग्रेस ही कर सकती है। इसलिए आज प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ है और आने वाले चुनावों में देश व प्रदेश में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी और हरियाणा फिर से नंबर-1 बनने की राह में आगे बढ़ेगा। बैठक में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठद कांग्रेस नेता पदम दहिया ने कहा कि हमारे गन्नौर हलके को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने वाले नेता कुलदीप शर्मा व पार्टी को मजबूती देने के लिए सभी पार्टी कार्यकर्ता मिलकर कार्य करें। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों जेजेपी को छोडकर कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को पूर्व विधानसभा स्पीकर से मिलवाया और उन्हें आश्वासन दिया कि वे और उनकी पूरी टीम आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वे पूरी उसे पूरी ईमानदारी से निभाते हुए आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलवाने तथा चौधरी भूपेन्द्र हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने के दिन-रात मेहनत करेंगे।

**दावा**

**पार्टी जो जम्मेदारी दी जाएगी वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाते हुए आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाएंगे: कुलदीप**

# मुरलीधर डीएवी स्कूल के बच्चों ने खेलों में लहराया परचम



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल , अम्बाला शहर के छात्र व छात्राएं न केवल पढाई मे ही विद्यालय ० माता पिता का नाम रोशन करते हैं बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपनी विजय पताका लहराते है। 13वां नैशनल यूथ गेम्स चैंपियनशिप 2023 जो यूथ स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन फेडरेशन भारत के तहत गोवा में खेला गया। 29 से 31 जुलाई तक इन खेलों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों व विभिन्न स्थानों के छात्रों ने भाग लिया। मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के छात्र जो छठी कक्षा मे है उसने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कक्षा चौथी के छात्र ने अंडर 11 के अंतर्गत बॉक्सिंग मे ही स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं (ए आर ओ) डॉ आर आर सूरी ने विजयी छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी व उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा कर छात्रों का मनोबल भी बढ़ाया।

# ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने पर भारी वाहनों के कटे चालान

**सख्ती**

**अब तक बीते 455 दिनों में 22799 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है, निर्देश का पालन**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 9 अगस्त 2023 को 47 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 455 दिनों में 22799 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 09 अगस्त 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 47 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# 'गुरुद्वारा साहिब का व्यवस्थापक गैर सिख नहीं होना चाहिए'



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सिख पंथ के पवित्र तख़्त सचखंड श्री हुजूरसाहिब नांदेड महाराष्ट्र का मुख्य प्रशासक गैर सिख पतित आई.ए.एस. अधिकारी की नियुक्ति किये जाने पर देश विदेश में बसा समूचा सिख पंथ धार्मिक सामाजिक जत्थे बंदियाँ सभा सोसायटियाँ इस पतित सरकारी प्रशासनिक अधिकारी का घोर विरोध करते हैं । जत्थेदार सरदार तेजेन्द्र सिंह मक्कड़ चेयरमैन श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी व सीनियर लीडर शिरोमनी अकालीदल हरियाणा स्टेट ने महाराष्ट्र सरकार एवम् केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा कि बोर्ड के गुरु सिख मैंबर को मुख्य प्रशासक नियुक्त किया जाये । सरकार सिखों के धार्मिक स्थलों तख़्तों की सेवा सँभाल में अपनी दखलंदाजी बन्द करें । इतिहास गवाह है सिखों ने हमेशा सरबत के भले की अरदास की है पर जब जब गुरु घरों में सरकारों ने शरारतें बेअदबी दखलंदाजी की तब तब उन का क्या क्या हश्र हुआ है ये भी इतिहास दुनिया के सामने है । हरियाणा सिख संगत महाराष्ट्र सरकार और केंद्रीय सरकार से अपील करती हैं अपना गैर सिख पतित अधिकारी वापिस ले और गुरु मर्यादा अनुसार गुरु सिख अधिकारी की नियुक्ति करें।

# राजीव ने श्रद्धालुओं के जत्थे को किया रवाना

**जयकारा**

**माँ नैना देवी दरबार में समर्पित की जाने वाली छड़ी को माँ के जयकारों के साथ मोहल्ले में परिक्रमा करवाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने माँ नैना देवी की पैदल यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया, इससे पूर्व जोत प्रचंड की गई और माँ नैना देवी दरबार में समर्पित की जाने वाली छड़ी को माँ के जयकारों के साथ मोहल्ले में परिक्रमा करवाई गई। दिल्ली कैंप से हर वर्ष सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पैदल माँ नैना देवी (हिमाचल प्रदेश) में लगने वाले साप्ताहिक मेले में भाग लेने के लिए जाते हैं। पैदल यात्रा शुरू करने से पूर्व रात्रि में माँ का जागरण आयोजित किया और भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। श्रधालुओं का जत्था जैसे ही छड़ी लेकर निकला तो पूरा मोहल्ला माँ के जयकारों से गूंज उठा। राजीव जैन ने श्रधालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ नैना देवी ने महिषासुर नाम के भयानक राक्षस का वध किया था जिसे ब्रह्मा ने अमरत्व का वरदान दिया था, परन्तु वह अविवाहित महिला से ही परास्त हो सकता था। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में हर वर्ष मेला लगता है और यह मंदिर भारत के 51 शक्तिपीठ में से एक है। उन्होंने कहा कि जो सच्चे मन से माँ ने मंदिर में माथा टेकता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने सभी को यात्रा की शुभकामनायें देते हुए समाज में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर त्रिभुवन कौशिक, अनिल पुष्करणा, संजय प्रधान, महेश कुमार, बलदेव, जैकी राणा, राजेंद्र कुमार, रमेश, सुरेंद्र, खैराती, विनोद, संजय भगत, गुलशन कुमार आदि आदि उपस्थित रहे।

# देशभक्ति की अलख जगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान: उपायुक्त

**राष्ट्र प्रेम**

**15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत राष्ट्र पेम को समर्पित गतिविधियां की जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि आजादी का अमृत के समापन को देशवासियों के लिए यादगार बनाने तथा हर देशवासी में देशभक्ति की अलख जगाने के उद्देश्य से देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत 09 अगस्त को की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला में 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत ग्रामीण व शहरी स्तर पर अनेक राष्ट्र पेम को समर्पित गतिविधियां की जाएगी, जिससे युवाओं को हमारे वीर जवानों, शहीदों व क्रांतिकारियों के बलिदानों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढने तथा देश की रक्षा करने का साहस की प्राप्ति होगी।
उपायुक्त ने बताया कि जन-जन को इस अभियान में भागीदार बनाने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध व तैयारियां की गई हैं।
शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जा चुके है ताकि हर कार्यक्रम को यादगार बनाया जा सके।

# गन्नौर के विभिन्न गांवों में स्थापित की गई अमृत वाटिका



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला के उपमंडल गन्नौर के विभिन्न गांवों में अमृत वाटिका स्थापित कर पौधा रोपण किया गया तथा झंडा फहराकर गांवों के वीर शहीदों को नमन किया गया। एसडीएम गन्नौर डॉ० निर्मल नागर ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरी होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया है। यह अभियान पूरे देश में 15 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत उपमंडल गन्नौर के गांव राजलू गढ़ी, पुगथला, बख्तावरपुर, आहुलाना, सरढाना, अटायल, गढी गुलामा, महमूदपुर माजरा सहित विभिन्न गांवों में अमृत वाटिका स्थापित कर पौधा रोपण किया गया तथा झंडा फहराकर वीर शहीदों को नमन किया गया। अभियान के तहत गांवों में एक शिलाफलकम की स्थापना की गई, जिस पर शहीदों के नाम अंकित किए गए। इस दौरान ग्रामवासियों को राष्ट्द्रभक्ति और राष्ट्द्र निर्माण की राह पर चलने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर उनके साथ बीडीपीओ, संबंधित गांवों के सरपंच, ग्राम सचिव, खण्ड संजोयक सहित शहीदों के परिजन मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भारत सरकार की ओर से शुरू किए इस देशभक्ति के अभियान को अत्यंत सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह सैनिकों को इलाका है और हर गांव से जवान शहीद हुए हैं। इस मौके पर राजलू गढ़ी के सरपंच बिजेन्द्र, ग्राम सचिव रणबीर, शिव कुमार खण्ड संजोयक,सतबीर सिंह,राम दिनेश, मनोज कुमार, राजेश, पूनम, शीला, सूरजभान आदि ग्रामीण मौजूद रहे

# अंबाला पुलिस ने पाठशाला के माध्यम से छात्रों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस थानों के क्षेत्रों में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं व आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया जा रहा है।
अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से आज 9 अगस्त 2023 को थाना अम्बाला शहर क्षेत्र सोहन लाल डीएवी स्कूल अम्बाला शहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बाला पुजा डाबला के नेतृत्व पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं, शिक्षकों व आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, नशे की रोकथाम, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक साईबर अपराध थाना अम्बाला निरीशक सतविन्द्र कौर, प्रबन्धक महिला पुलिस थाना अम्बाला उप-निरीक्षक सुरेखा व अन्य पुलिस अधिकारियों ने लगभग 300 छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को जागरूक किया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं, शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया।

# महेन्द्रगढ़ शहीद स्मारकों की मिट्टी अमृत वाटिका का बनेगी हिस्सा: रामबिलास

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़।** देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद सदैव हमारी प्रेरणा का केंद्र रहेंगे। उन्हीं के बलिदान की बदौलत देश में हम सब सुरक्षित हैं। उक्त बातें प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मेघनवास चौक पर वीर चक्र से सम्मानित अमर शहीद उमराव सिंह, चितलांग में अमर शहीद कृष्ण कुमार, महेश तँवर और रामपाल सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अमृत कलश यात्रा का शुभारम्भ करते हुए कही।

# सनातन मंच सेवा सभा 20 अगस्त को लगाएगी फ्री आई कैम्प: दविन्द्र शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सनातन मंच सेवा सभा रजि० अम्बाला की बैठक प्रधान दविन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में अम्बाला शहर कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सनातन मंच सेवा सभा की तरफ से आंखों का कैम्प शिव मंदिर एवं धर्मशाला शिवपुरी में आगामी 20 अगस्त को लगाया जाएगा। प्रधान देविन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प आयोजन करने का मुख्य कारण मनमोहन नगर, शिवपुरी आदि कालोनियों में गत दिनों आई बाढ़ के कारण आंखों की बहुत तेजी से फैल रही बीमारी है। इस कैम्प में डॉक्टरों द्वारा आंखों का फ्री चैकअप करने के साथ-साथ, मरीजों को मुफ्त दवाईयां, चश्मे व जरूरतमंदों के आंखों के आपरेशन भी करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी सनातन मंच सेवा सभा द्वारा कैंसर के मरीजों की सहायता, टीबी के मरीजों को दो वर्ष का राशन, 10 सिलाई मशीनें व जरूरतमंद लोगों को कम्बल दिए गए थे। इसके साथ्त्र ही वृद्ध आश्रम में फ्रिज व राशन की सेवा के साथ-साथ दीवाली भी उनके साथ ही मनाई गई।

# '12 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा रहेगी ऐतिहासिक और यादगार'



**शहीदों का सम्मान**

**तिरंगा यात्रा के लिए कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटी, विधायक व जिलाध्यक्ष ने किया संबोधित**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**थानेसर** विधानसभा क्षेत्र में आजादी की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य व शहीदों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस तिरंगा यात्रा में थानेसर विधानसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ आम नागरिक शामिल होंगे। इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सर्किट हाउस से सायं 4 बजे किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थानेसर विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने तिरंगा यात्रा को लेकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाने के साथ-साथ 12 अगस्त की तिरंगा यात्रा के साथ आम जनमानस को जोड़ने की अपील भी की है। इस तिरंगा यात्रा को लेकर जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं में जोश नजर आया, वहीं थानेसर विधानसभा के आमजन तक तिरंगा यात्रा को पहुंचाने की बात भी कहीं गई।
विधायक ने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के आदेशानुसार थानेसर विधानसभा क्षेत्र की तिरंगा यात्रा का आयोजन 12 अगस्त 2023 को सायं 4 बजे सर्किट हाउस से किया जाएगा। यह तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों से होकर गुजरेगी। इस तिरंगा यात्रा में थानेसर विधानसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आमजन शिरकत करेंगे। इस यात्रा के लिए भाजपा नेताओं और कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई गई है और सभी में पूरा जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।
भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि थानेसर विधानसभा में भाजपा की तरफ से 12 अगस्त 2023 को आजादी की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में व शहीदों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### वी बिजनेस ने योद्दा के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम।** आज के दौर में उद्यम बड़े डिजिटल बदलाव से होकर गुजर रहे हैं, जिसके चलते काम का बोझ क्लाउड की तरफ रूख कर रहा है। तेजी से विकसित होते इस डिजिटल दौर में उद्यमों को व्यापक सेवाओं एवं समाधानों की आवश्यकता है, फिर चाहे सिक्योरिटी की बात हो, कनेक्टिविटी की या क्लाउड की। पोर्टफोलियो के मौजूदा विस्तार तथा इन बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने अपने डेटा सेंटर कोलोकेशन एवं क्लाउड सर्विसेज पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए योद्दा डेटा सर्विसेज के साथ साझेदारी की है।
इस साझेदारी के तहत वी बिजनेस उच्च गुण्वत्ता के डेटा सेंटर, क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सर्विस डिलीवरी क्षमता में योद्दा की लीडरशिप का उपयोग करते हुए अपनी पहुंच को बढ़ाएगा तथा भारतीय उद्यमों की डिजिटल रूपान्तरण की यात्रा में योगदान देगा। वी बिजनेस योद्दा के साथ साझेदारी में अपने एंटरप्राइज उपभोक्ताओं को इंटीग्रेटेड कनेक्टिविटी, क्लाउड एवं सिक्योरटी समाधान उपलबध कराएगा। वी सभी प्रमुख डेटा सेंटरों एवं क्लाउड सेवा प्रदाताओं के साथ जुड़ा है तथा अपने हाई-स्पीड बैकबोन नेटवर्क पर आधुनिक समाधान जैसे कोलोकेशन, मैनेज्ड होस्टिंग, पब्लिक क्लाउड, डायरेक्ट क्लाउड कनेक्ट और सिक्योरिटी उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए रोचक कपूर, एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट- कनेक्टिविटी- सिक्योरिटी, क्लाउड एण्ड बिजनेस ऑपरेशन्स, वी ने कहा, ह्यह्ययोद्दा के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जिनका सशक्त बुनियादी ढांचा एवं भरोसेमंद क्लाउड प्लेटफॉर्म वी के बिजनेस पोर्टफोलियो को सशक्त बनाकर हमारे उपभोक्ताओं को विश्वस्तर के समकक्ष गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। यह साझेदारी उपभोक्ताओं को वैल्यू-एडेड सेवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस तरह की साझेदारियों के माध्यम से हम कारोबारों को ऐसे अनुकूल समाधान उपलब्ध कराना चाहते हैं जो उनकी विशेष जरूरतों को पूरा कर सकें तथा डिजिटल यात्रा में उनके विकास को बढ़ावा दे सकें।

### लिटरेसी इंडिया और डेल टेक्नोलॉजी ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए साझा पहल की

**गुरुग्राम।** "एक प्रेरणास्त्रोत संगठन 'लिटरेसी इंडिया' जिसने शिक्षा के माध्यम से जीवनों को सुधारने का आदर्श स्वरूप लिया है, डेल टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर परिवर्तनकारी पहलुओं की शुरुआत की है जिनका उद्देश्य युवाओं, विशेषकर युवा लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाना, कौशलों को प्रोत्साहित करना और दृढ प्रभाव डालना है। यह सहयोगी पहल, जो शिक्षा, नवाचार और समृद्धि के प्रति आत्मघाती भारतीय स्वतंत्रता की 75 वर्षों की आत्मा के साथ मिलती है, का हिस्सा है।"
"इस अवसर पर, डेल टेक्नोलॉजी के समर्थन से 'ज्ञानरथ - द टेक ऑन व्हील्स' का उद्घाटन भी आयोजित हुआ। 'ज्ञानरथ' यह लक्ष्य लेकर आई है कि यह लिटरेसी इंडिया के 'ग्यानतंत्र' पाठ्यक्रम के तहत आते हैं, जिसमें 'ग्यानतंत्र लर्निंग लैब' शामिल है - एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जो गतिशील सोच और समस्या समाधान कौशल को साक्षात्कार से सिखाने का अनुभव प्रदान करता है और कोडिंग की प्रशिक्षण प्रदान करता है।" "इस अवसर पर, 'लिटरेसी इंडिया' के संस्थापक कैप्टन इंद्राणी सिंह ने कहा, हम 'लिटरेसी इंडिया' में, शिक्षा को सशक्तिकरण की मूल आधार मानते हैं, और हमारी साथी 'डेल टेक्नोलॉजी' से सहयोग अपने मिशन को प्रबलित करता है। इस साझेदारी के माध्यम से, हम एक शिक्षित मानसिकता और सशक्त समुदाय की एक विरासत को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।'"
"पिछले 15 वर्षों से डेल टेक्नोलॉजी के साथ की गई दीर्घकालिक संबंधों के दौरान, उन्होंने भारत के 18 राज्यों में युवा और बच्चों के पास पहुंचाई। लिटरेसी इंडिया ने असहाय वर्गों के लिए विभिन्न डिजिटल शिक्षा पहलुओं को अभियान चलाया है और उन्होंने 'ज्ञानतंत्र' प्रोग्राम के साथ 3 लाख से अधिक जीवनों को प्रभावित किया है। डेल टेक्नोलॉजी ने इस पहल का समर्थन करके चार सौ घंटे की मल्टीमीडिया प्रोग्राम की व्यावसायिक तैयारी की है।

### स्वराज ट्रैक्टर्स ने लॉन्च किया 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर

**अंबाला।** देश में तेजी से बढ़ते ट्रैक्टर ब्रांड और महिंद्रा समूह के एक हिस्से स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज - 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर' लॉन्च किया, जो न केवल कम ईंधन खाते हुए सबसे बेहतरीन काम करता है बल्कि ऐसी—ऐसी तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, जो इंडस्ट्री में पहले कभी देखने को नहीं मिली। स्वराज का यह नया शाहकार अपने ब्रांड की ताकत और भरोसे को आगे बढ़ा रहा है। कम से कम नुकसान के साथ अनाज की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए बेहतर कटाई क्षमताओं से लैस स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर प्रति घंटे अधिकतम रकबा देता है।
फार्म इक्विपमेंट सेक्टर-एमएंडएम लिमिटेड के प्रेसिडेंट हेमंत सिक्का ने कहा, 'स्वराज 8200 व्हील हार्वेस्टर की पेशकश फार्म मशीनरी पर हमारे सोचे—समझे फोकस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कविता-राजीव ने शहीदों की याद में निकाली तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा का शहर में 40 से ज्यादा स्थानों पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहीदों** की याद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा से शहर तिरंगामय हो गया, शहर के जिस भी बाजार से हजारों की संख्या में युवा वर्ग दो पहिया वाहनों पर सवार होकर भारत माता के जय घोष के साथ निकले-वहां उपस्थित व्यापारिक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने तिरंगे हाथ में लहरा-लहरा कर स्वागत किया और यात्रा में शहीदों की मिटटी लेकर वाहन पर सुभोभित कलशों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वीरवार सायं महाराजा अग्रसेन चौक से यात्रा की शुरूआत हुई जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन एक बाइक पर चल रहे थे और पार्टी के बाकी नेता साथ-साथ हाथ में तिरंगा लिए हुए थे। कविता जैन ने तिरंगा यात्रा में सम्मलित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर वर्ष तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य देश में हर नागरिक के मन में देश प्रेम की भावना जागृत करना है ताकि देश की एकता अखंडता को चुनौती देने वाली ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके। राजीव जैन ने यात्रा के समापन पर खाटू श्याम मंदिर में आरती के बाद तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस दिन देश को आजाद करवाने वाले दीवानों के जैसी निःस्वार्थ

**जय घोष**

> 8 शहीदों की याद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा से शहर तिरंगामय हो गया

भावना हर नागरिकों में पैदा हो जाएगी, उस दिन भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता । तिरंगा यात्रा का शहर में 40 से ज्यादा स्थानों पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। तीन घंटे तक चली यात्रा का स्वागत करने के लिए नागरिकों में होड़ लगी हुई थी और स्वागत के तय स्थानों के अतिरिक्त भी नागरिक पुष्प हाथों में लिए खड़े रहे।
यात्रा में मुख्य रूप से विधायक मोहन लाल बड़ोली, पूर्व वाईस चेयरमैन ललित बत्रा, डॉक्टर ओम प्रकाश अत्रे, पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, तरुण देवीदास, योगेश पाल अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा, सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, प्रदीप गौतम, नवीन मंगला, अशोक छाबड़ा, महिला जिलाध्यक्ष इंदु वलेचा, निगम पार्षद - हरी प्रकाश सैनी, बबिता- त्रिभुवन कौशिक, मुकेश सैनी, मुनि राम ठोलेदार, पुनीत राई, ममता महेश लूथरा, लक्ष्मी नारायण तनेजा, संगीता देवेंद्र सैनी, अतुल जैन, मंजीत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, दिव्यांक जैन और हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संस्कृति पखवाड़े की लोक नृत्य प्रतियोगिता में स्कूली छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**भारत विकास** परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा संस्कृति माह पखवाड़े के तहत एक निजी स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 20 स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गो में किया गया। एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में अति कनिष्ठ वर्ग में जीवीएम स्कूल की छात्रा अर्शिता ने प्रथम, डीएवी स्कूल की अलंकृता ने द्वितीय तथा चाइल्ड केयर स्कूल की छात्रा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में बीआर ग्लोबल स्कूल की अवनी, डीएवी स्कूल की दीपाली व एंजल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। जबकि वरिष्ठ वर्ग में शाश्वत चेतना स्कूल की सिमरन, एमडी स्कूल की वंशिका व गीता मार्डन स्कूल की अन्नू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मंजू भूटानी, साचिव मंजू शर्मा, प्रवीण सिंघल, प्रीतम आहूजा, पूनम सिंघल, शशिकांता शर्मा, पीयूष जैन, भारत भूषण भुटानी, आशा सिंघल, अजय यादव मौजूद थे। डांस अकादमी के आकाश एवं हर्ष पांचाल निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## महापंचायत का न्यौता देने के लिए कार्ड रवाना किया

**पानीपतः आगामी 13 अगस्त** को पानीपत गोहाना रोड स्थित भगवान श्री परशुराम धर्मशाला में आयोजित समस्त ब्राह्मण महापंचायत को लेकर महासभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा ने आज समाज के प्रतिनिधियों को न्यौता का कार्ड देकर विभिन्न गांव का दौरा कर समाज के लोगों को महापंचायत का न्यौता देने के लिए रवाना किया। समाज के लोगों को संबोधित करते हुए रतन शर्मा ने कहा कि महापंचायत में समाज की एकजुटता पर,युवाओं को जिला व ब्लाक स्तर पर जिम्मेदारी देने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचने की अपील की।

## प्रस्ताव पास करके की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय किसान** यूनियन अम्बावता ग्रंथ की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता मे गन्नौर जाट धर्मशाला में हुई। जिसमे किसानों में विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किए। जिसमे दर्जन किसानो ने हिस्सा लिया। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि बरसात ज्यादा होने के कारण काफी गांव की फसल खराब हो चुकी है। सरकार को किसानों की फसल का मुवावजा दिया जाए। राजलू गढ़ी से लल्हेड़ी गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण अभी तीन महीने पहले ही किया था जो बिल्कुल जर्जर हालत में है। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग को उसे दोबारा से ठीक करवाना चाहिए। गांव लल्हेड़ी कलां में गांव के गंदे पानी की निकासी के दो तालाब ओवरफ्लों हो चुके है। अब निकासी का कोई प्रबंध नही है। तालाब के पानी में गंदगी के कारण पानी सड़ने के कारण बदबू आ चुकी है। प्रस्ताव में कहा कि मेवात में जो हिंसा हुई है। उसमें सरकार नाकाम हो चुकी है। किसान इसकी निंदा करते है। गन्नौर शहर में बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। निकासी को कोई प्रबंध नही है। पानी निकासी की समुचित व्यवसथा की जाए।

## तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक: ललित बत्रा

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग पूरे शहर में धूमधाम से तिरंगा यात्रा निकाली



इस अवसर पर तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकताओं ने लगभग पूरे शहर में धूमधाम से तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा की यह तिरंगा यात्रा महाराजा अग्रसेन चौक से शुरू होकर श्री राम शर्मा चौक, बस अड्डा, ओल्ड डी॰सी॰ रोड, कच्चे क्वार्टर, सुभाष चौक, रेलवे रोड, गीता भवन चौक, गुरुद्वारा रोड, छोटू राम चौक, तिरंगा चौक, ककरोई रोड, सूरी पेट्रोल पंप गली, ओल्ड रोहतक रोड, मिशन चौक, पुरानी अनाज मंडी होते हुए विश्वकर्मा चौक से श्री खाटू श्याम मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ ।

**देशप्रेम**

> 8 तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सोनीपत के लोगों का दिल की गहराइयों से ललित बत्रा ने किया धन्यवाद

ललित बत्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा से पूरे भारत में परिवर्तन हुआ है और इस इससे हर व्यक्ति देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हुआ है और इस मुहिम को लेकर हर व्यक्ति बड़ा ही उत्साहित नजर आ रहा है। आजादी की लड़ाई में लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत हम सभी को आजादी की खुली फिजाओं में सांस लेने का मौका मिला है। देश में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहीदों को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है।उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कई बहनों ने अपने भाई, सुहागनों ने सुहाग, मां ने अपने बेटे देश की अस्मिता की रक्षा के लिए भेजे, उन सभी ने देशवासियों के लिए बलिदान दिया।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नई टोयोटा रुमियन लॉन्च की

**रोहतक/गुरुग्राम:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी नवीनतम पेशकश, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन के लॉन्च की घोषणा की - एक नई कॉम्पैक्ट एमपीवी जो एक स्टाइलिश और प्रीमियम नई फैमिली कार में बेजोड़ जगह, उत्कृष्ट ईंधन दक्षता का दावा करती है। पहले से ही भारतीय एमपीवी सेगमेंट में अग्रणी, इस सात-सीटर के लॉन्च से बाजार में टोयोटा की उपस्थिति को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बी-एमपीवी सेगमेंट में टोयोटा के प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और मन की शांति चाहने वाले परिवारों के लिए एक प्रतिष्ठित और सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करता है। शीर्ष प्रदर्शन और उत्कृष्ट ईंधन दक्षता से समर्थित यह कॉम्पैक्ट एमपीवी सेगमेंट में ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को उपयुक्त रूप से पूरा करता है।
टीकेएम के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मासाकाजु योशिमुरा ने कहा, टोयोटा में, हम विश्व स्तरीय वाहन देने से कहीं आगे जाने में विश्वास करते हैं। हमारी गहरी जड़ें ऐसे उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करना है जो असाधारण मूल्य पैदा करते हैं और हमारे वफादार ग्राहकों को मानसिक शांति प्रदान करते हैं। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन इस लोकाचार को अपनाता है और हम आनंददायक स्वामित्व अनुभव के माध्यम से ग्राहकों के एक पूरे नए समूह को गुणवत्ता और सेवा के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता की पेशकश करने के लिए तत्पर हैं, जिससे "सभी को व्यापक खुशी" मिलेगी। एक ब्रांड के रूप में, जो भारतीय बाजार और इसके मूल्यवान ग्राहकों के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है, टोयोटा निरंतर नवाचार और भारतीय ऑटोमोबाइल क्षेत्र में आत्मनिर्भर स्थानीय इको-सिस्टम को बढ़ावा देकर भारत में ऑटो उद्योग में उत्कृष्टता और मूल्य जोड़ना जारी रखेगा। . हमारा उद्देश्य बेहतर कारों, बेहतर प्रौद्योगिकियों और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों और सेवाओं को पेश करने पर जोर देना जारी रखना है।" श्री तदाशी असाजुमा, कार्यकारी उपाध्यक्ष - बिक्री, सेवा और प्रयुक्त कार, टीकेएम ने कहा, "आज, हम ऑल न्यू टोयोटा रुमियन का अनावरण करते हुए बेहद खुश हैं, जो हमारे वाहनों की व्यापक श्रृंखला में एक असाधारण अतिरिक्त है।

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्वाभ्यास में जुटे स्कूली विद्यार्थी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नई अनाज** मंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा व बीआरसी आजाद सिंह दहिया कि उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। पूर्वभ्यास के पहले दिन 16 स्कूलों के करीब 784 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने सभी कार्यक्रमों को और बेहतरीन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक राठी, अनिल शर्मा, मनीष व संजीत सहित कई अध्यापक मौजूद रहे।

## विभिन्न गांवों में स्थापित की गई अमृत वाटिका

### झंडा फहराकर गांवों के वीर शहीदों को नमन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**मेरी माटी** मेरा देश अभियान के तहत खंड के विभिन्न गांवों में अमृत वाटिका स्थापित कर पौधा रोपण किया गया तथा झंडा फहराकर गांवों के वीर शहीदों को नमन किया गया। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया है। यह अभियान देश भर में 15 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत उपमंडल गन्नौर के गांव राजलू गढ़ी, पुगथला, आहुलाना, सरढाना, अटायल, गढी गुलामा, महमूदपुर माजरा सहित विभिन्न गांवों में अमृत वाटिका स्थापित कर पौधा रोपण किया गया तथा झंडा फहराकर वीर शहीदों को नमन किया गया। अभियान के तहत गांवों में एक शिलाफलक की स्थापना की गई, जिस पर शहीदों के नाम अंकित किए गए। इस अवसर पर बीडीपीओ पूनम चंदा, गांवों के सरपंच, ग्राम सचिव, खंड संजोयक शिव कुमार सहित शहीदों के स्वजन मौजूद रहे।

# पानीपत शहर में निकाली जाएगी भव्य तिरंगा यात्रा

## कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने अपने कार्यालय में तिरंगा यात्रा को लेकर की संस्थाओं संग बैठक



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**कांग्रेस** नेता एवं पानीपत शहरी हलके से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में शहर की अनेकों संस्थाओं पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को पानीपत बचाओ तिरंगा यात्रा में निकालने का फैसला लिया गया। वहीं संजय अग्रवाल ने बताया कि सभी संस्थाओं ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने को लेकर अपना समर्थन दिया है। जबकि तिरंगा यात्रा का शहर में अनेकों स्थानों पर संस्थाओं द्वारा यात्रा जोरदार स्वागत किया जाएगा। अग्रवाल ने दावा किया कि 15 अगस्त को निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा पानीपत की सबसे बड़ी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा होगी। बैठक में खाटू धाम ट्रस्ट, श्री श्याम सेवा मंडल समिति, यूथ भाईचारा सेवा समिति, जय गौ माता सेवा समिति, श्री राम भगत हनुमान सभा, मां बनभौरी सेवा मंडल, प्रारंभ एक नई शुरूआत , श्री गुरु

**समर्थन**

> 8 संजय अग्रवाल ने बताया कि सभी संस्थाओं ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने को लेकर अपना समर्थन दिया

रविदास सेवा समिति, श्री श्याम प्रेमी परिवार मंडल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अग्रवाल वैश्य समाज, राष्ट्रीय बाल्मीकि संघ व हरियाणा गौ रक्षा दल आदि संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्कूल की छात्रा की पिटाई के मामले में बीईओ करेंगे कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**राजकीय माध्यमिक** विद्यालय गढ़ी केसरी की दूसरी कक्षा की छात्रा के साथ पिटाई के मामले में शिक्षिका ने उन पर लगे आरोप को नकार दिया है। शिक्षिका का कहना है कि वह स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्रों को पढ़ाती हैं, जबकि शिवानी दूसरी कक्षा में पढ़ती है। शिक्षिका ने बताया कि उस दिन उसकी कक्षा की अध्यापिका छुट्टी पर थी और वह सिर्फ कक्षा को संभालने के लिए गई थी। उन्होंने न तो किसी छात्र का गृह कार्य चैक किया और न ही किसी के साथ मारपीट की। शिक्षिका ने बताया की उनके स्कूल में नवंबर 2022 में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें छात्रा शिवानी की स्वास्थ्य जांच की गई थी। जांच के चिकित्सकों ने शिवानी की आंख में कमी बताई थी।
उन्होंने कहा कि शिवानी के स्वजन न तो कभी उनसे मिले और न ही उनके घर गए। शिक्षिका का कहना है कि उन पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं, वह जांच के लिए तैयार हैं।

### जांच के लिए कमेटी का होगा गठन

**खंड** शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने बताया कि उनके पास गढ़ी केसरी स्कूल से छात्रा शिवानी के परिजनों की तरफ से शिकायत आई है। जिसमें उन्होंने राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी केसरी की एक शिक्षिका पर शिवानी के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए हैं और जिस कारण उसकी आंख खराब हो गई है। 15 अगस्त के बाद एक कमेटी का गठन करके इस शिकायत की जांच करवाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 19 पर एक ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर जिसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराएगा इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। नेशनल हाईवे 19 पर स्थित गिर्राज ढाबा के सामने एक बाइक में ट्रक आरजे 39 जीए 2667 ने टक्कर मार दी बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायल राहुल पुत्र जगमोहन, हरिओम पुत्र वीरेंद्र कप्तान और कपिल पुत्र फूल सिंह निवासी गढ़ गांव गहनौली थाना रूपवास भरतपुर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया जिसमें राहुल पुत्र जगमोहन की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिसका पंचनामा भर विधि व कार्रवाई की जा रही है। छाता इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने बताया ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान एक की मृत्यु हो गई जिसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक हो कब्जे में ले लिया है।

### राजस्थान के परिक्रमार्थी की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
चौरासी कोस परिक्राम करने आये राजस्थान के एक श्रद्धालु की बलदेव में मौत हो गई। गांव भौंचा, थाना पिलौंदा, जिला सवाई माधोपुर राजस्थान निवासी 55 वर्षीय राम सिंह परिजनों व अन्य लोगों के साथ ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा करने के लिए आये थे। रास्ते में उनकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों का कहना है कि ठीक इलाज नहीं मिलने के चलते उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बल्देव के राम जानकी मंदिर के समीप से शव को कब्जे में ले लिया।

### सदन में बोले विधायक बाढ़ पीड़ितों को दिया जाए मुआवजा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चैधरी ने मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में मांट क्षेत्र में आई बाढ़ से हुए नुकसान से सरकार को अवगत कराया। साथ ही एक राजस्व ग्राम के पूरी तरह तबाह हो जाने की जानकारी दी और उसे पुनः विकसित करने की मांग उठाई। विधान सभा में मानसून सत्र के दौरान मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी ने अपने क्षेत्र में बाढ़ के कारण हुए लोगों के नुकसान की ऐवज में सरकार से मुआवजा दिये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में होकर बहुत बड़े भू भाग में होकर यमुना नदी बहती है। बाढ़ ने संपर्क मार्गों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पशुपालक के सामने पशुओं के चारे का संकट पैदा हो गया है। बाढ़ की तबाही से पूरी तरह उजड़ चुके राजस्व ग्राम चमर गढ़ी का भी उन्होंने जिक्र किया। उन्होंने सदन में बताया कि इस गांव में अगर दिखाई देता है तो केवल एक बिजली का पोल दिखाई देता है। पूरे गांव को बाढ़ निगल गई। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हुए और राहत प्रदान करते हुए नजर आए। उन्होंने एनडीआरएफ टीम द्वारा लोगों की जान माल की सुरक्षा करने की सराहना की। साथ ही लोगों ने डटकर इस प्राकृतिक आपदा का सामना किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बाढ़ के बाद हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा दिया जाए। इसके अतिरिक्त विधायक ने जिन लोगों के मकान बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए अथवा ढह गए उनके मकान बनवाने की एवं तटीय गांवों में तटबंध लगवाने की मांग की।

### मथुरा के 10 थानों ने किया पोर्टल की शिकायतों का शत निस्तारण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद मथुरा के 10 थानों ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किया है। इसके लिए इन थानों को प्रशस्ति पत्र मिला है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी निस्तारित सन्दर्भों की मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में जुलाई माह में जनपद मथुरा के 10 थानों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थाना प्रभारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने वाले थानों में थाना कोसीकलां, थाना जमुनापार, थाना बरसाना, थाना फरह, थाना मांट, थाना गोविंद नगर, थाना शेरगढ़, थाना कोतवाली, महिला थाना तथा थाना छाता शामिल हैं।
वहीं एसएसपी ने पीआरवी पर तैनात कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए एक एक हजार रुपए की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया है।

# पता चलेगा किसानों पर कितनी है राजनीति करने वालों की पकड़

**किसान राजनीति**

**-भाकियू टिकैत ने किया है शुक्रवार को ट्रैक्टर रैली निकालने का ऐलान**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसानों के नाम पर राजनीति खूब हो रही है। किसानों के हित की दुहाई देकर किसान संगठन खूब हो हल्ला हो रहा है। इस बीच किसान राजनीति के नाम पर तमाम नए संगठन उग आए हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पकड किसानों पर मजबूत रही है। वर्तमान में जनपद में किसान राजनीति के नाम पर संगठन को चला रहे किसान नेताओं की किसानों पर कितनी पकड़ है, यह बहुत हद तक शुक्रवार को प्रस्तावित तिरंगा ट्रैक्टर रैली में साबित होगा। किसानों के अगुआ होने का दावा ठोकते रहे तमाम किसान संगठन महत्वपूर्ण अवसरों पर उंगलियों पर गिनने लायक किसान ही एकत्रित कर पाते हैं। क्षेत्रीय किसानों का मानना है कि इनकी तब खूब चल जाती है जब किसी मुद्दे पर किसान खुद आगे आते हैं और किसान संगठनों से जुड़े लोग अगुआ जाते हैं। यह ट्रैक्टर रैली भाकियू टिकैत के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर की जा रही है।
कोई स्थानीय किसान नेता खुद को स्थापित करने के लिए यह रैली नहीं कर रहा है जिससे वह अपना पूरा दमखम लगा कर लोगों को जुटा लाये। संगठन की एकता भी ट्रैक्टर रैली में साबित होगी। किसान संगठनों के नाम राजनीति करने की ललक लिए तमाम ऐसे लोग भी पदाधिकारी हो बैठे हैं जिनका किसानों के बीच किसी तरह का कोई जनाधार नहीं है। जानकारों का मानना है कि ट्रैक्टर रैली के लिए ऐसे समय को चुना गया है जो किसान संगठन में नेताओं के लिए अग्नि परीक्षा साबित होगा।
भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार रघुवंशी के मुताबिक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी।

## मणिपुर से पहुंचे लोगों ने राज्य में शांति के लिए राधा रानी से की प्रार्थना



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मणिपुर हिंसा से देश दुखी है। मणिपुर से ब्रज पहुंचे लोगों ने राज्य में शांति और खुशहाली वापस लाने के लिए राधा रानी से मिन्नत की। गोवर्धन मणिपुर में लगातार हत्या आगजनी से आहत तमाम लोग राधारानी की शरण में राधाकुंड पहुंचे। उन्होंने पूजा अर्चना कर राधारानी से प्रार्थना की। गुरुवार को मणिपुर के ऐरावत महाराज के निर्देशन में लोग राधा कुंड पहुंचे। राधा कुंड में स्नान किया और मणिपुर में शांति स्थापना को राधा रानी की पूजा अर्चना की। ऐरावत महाराज ने बताया कि मणिपुर में हिंसा फैली है लोग हमला हो रहे हैं। घर जल रहे हैं, हत्या हो रही हैं। आगजनी हो रही है। देवी देवताओं के मंदिर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। हालात बेकाबू हैं। राधारानी से अमन चैन के लिए दुआ मांगी है। केंद्र व राज्य सरकार से कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। अब तो भगवान से ही उम्मीद है।

## अंग्रेजों के जमाने के रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानांतरण की सुगबुआहट



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानांतरण की भनक लगते हैं संबंधित दस्तावेज लेखक और अधिवक्ता बेचैन हो उठे हैं। मथुरा सिविल लाइन इलाके में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय 1915 में तत्कालीन कलेक्टर डैंपियर द्वारा बनवाया गया था। पांच अगस्त को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय में हुई बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानांतरण के संबंध में निर्णय लिया गया था। जिसकी भनक लगने के बाद गुरुवार को दस्तावेज लेखक व अधिवक्ताओं ने वर्तमान रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन शुरू करा दिया। मथुरा सिविल लाइन क्षेत्र में कचहरी के पास स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पर हड़ताल की गई। यहां से जुड़े दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर ने काम बंद कर दिया और रजिस्ट्री कार्यालय में धरने पर बैठ गए। यह लोग कार्यालय को स्थानांतरण करने का विरोध कर रहे हैं। कार्यालय स्थानांतरण न करने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे लोगों ने डीएम को पत्र सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के सामने अपने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि वर्तमान कार्यालय के पास निष्प्रयोज्य लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में कार्यालय का स्थानांतरण कर दिया जाये तथा खाली भूमि पर सभी दस्तावेज लेखकों व रजिस्ट्री ऑफिस के अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर का निर्माण किया जाये।

## नौ सितम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग के निदेर्शानुसार नौ सितम्बर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के निस्तारण के लिए न्यायालयों से पक्षकारों को जारी सम्मनों व नोटिसों की शत प्रतिशत तामिला के लिए गुरुवार को जनपद मथुरा के समस्त क्षेत्र अधिकारियों व थानाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अभिषेक पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा की गई। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा सहित समस्त क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्ष, जिला अग्रणी प्रबन्धक केनरा बैंक, कोर्डिनेटर भारतीय स्टेट बैंक उपस्थित रहे।

## मथुरा संग्रहालय ने काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस मनाया



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय संग्रहालय मथुरा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के अवसर पर श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम का प्रथम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय संग्रहालय, मथुरा के उपनिदेशक योगेश कुमार एवं विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षक तथा शिक्षिकाओं के द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि के साथ किया गया। इस अवसर पर राजकीय संग्रहालय, मथुरा के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ साथ कान्हा माखन पब्लिक स्कूल, अमरनाथ विद्या आश्रम, के.आर.इंटर कॉलेज, पीडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज, रमनलाल शोरावाला प्रायमरी स्कूल, ऋषि संतान प्राथमिक विद्यालय डैंपियर नगर आदि के शिक्षकों ने लगभग 250 छात्र छात्राओं के साथ उपस्थित होकर पंच प्रण शपथ ली। उपस्थित शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने आज के ऐतिहासिक दिन काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित, राजकीय संग्रहालय मथुरा द्वारा निर्मित लघु फिल्म देखी एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं क्रांतिकारियों के द्वारा दिए गए महान बलिदान से परिचित हुए।
इस अवसर पर शिक्षकों के साथ साथ बच्चों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके अतिरिक्त उपनिदेशक योगेश कुमार के साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने वृक्षारोपण आयोजन के अंतर्गत संग्रहालय परिसर में पौधे भी लगवाये।

# नौहझील क्षेत्रवासियों को जल्द मिलेगी डिपो की सौगात

**निरीक्षण**

**-विधायक के प्रस्ताव पर उच्चाधिकारियों ने किया जगहों का निरीक्षण**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील को जल्द बस डिपो की सौगात मिल सकती है। जिसके लिए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा गुरुवार को डिपो के लिए जमीनों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय विधायक राजेश चैधरी द्वारा नौहझील क्षेत्र में बस डिपो के लिए प्रस्ताव दिया था। प्रस्ताव के आधार पर गुरुवार सुबह आर एम बीपी अग्रवाल, एआरएम मदन मोहन शर्मा, चेकिंग इंचार्ज जय प्रकाश शुक्ला, चैधरी शिवराज सिंह टीम के साथ नौहझील बस स्टैंड पहुंचे। यहां आरएमबीपी अग्रवाल द्वारा गाड़ीयों के संचालन व क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुन शीघ्र ही निस्तारण की बात कही गई। आर एमबीपी अग्रवाल द्वारा बस स्टैंड के सामने पड़े मलबे को शीघ्र ही हटवाने के आदेश दिए गये जो कि अधिकारियों की मौजूदगी में शुक्रवार को हटा दिया जाएगा। आरएम ने ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता से बस डिपो के लिए जमीन देने की बात कही।
जिस पर प्रधान पटवारी चरन सिंह व चांद सईय्यद द्वारा मथुरा रोड़ स्थित हॉद पोखर के सामने व रायपुर रोड़ स्थित लाना कस्बा में जगह दिखाई गईं। आरएम बीपी अग्रवाल ने बताया कि नौहझील कस्बा में बस डिपो के लिए जमीन देखी गई है। जल्द ही प्रस्ताव पास करा डिपो बनाने का कार्य शुरू कराया जाएगा। लोगों की समस्याओं को देखते हुए नौहझील बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया है। यहां बसों के आवागमन को लेकर जानकारी की गई व कई बसों का संचालन जल्द ही बढ़ा दिया जायेगा। वहीं क्षेत्रीय विधायक राजेश चैधरी ने बताया कि क्षेत्रवासियों की मांग पर बस डिपो का प्रस्ताव उन्होंने मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा था। जमीन मिलते ही जल्द ही बस डिपो का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मौके पर सरपंच राजू गुप्ता, नौहझील बांगर पटवारी चोधरी चरन सिंह, नौहझील खादर पटवारी चांद सईय्यद, स्टेशन इंचार्ज महेंद्र सिंह,जय प्रकाश, संतोष अग्रवाल, जयदेव सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया मानसी गंगा मंदिर का निरीक्षण

**मथुरा।** गुरुवार की दोपहर को मानसी गंगा मुकुट मुखारविंद मंदिर का निरीक्षण करने गोवर्धन एसडीएम दीपिका मेहर पहुंची।निरीक्षण के दौरान प्रबंधन को मंदिर के समीप के घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान को जाली और सांकल लगाने को कहा है। गुरुवार की दोपहर को गोवर्धन एसडीएम दीपिका मेहर मुकुट मुखारविंद मंदिर पहुंची।जहां एसडीएम दीपिका मेहर ने निरीक्षण के दौरान मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी से मंदिर के समीप बने घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान को जाली व लोहे की सांकल लगाने को कहा।मंदिर रिसीवर ने एसडीएम से कहा कि वे न्यायालय को अवगत कराने की बात कही।तथा आदेश मिलते ही कार्य कराने को कहा।इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ओम हरि बाजपेई व मंदिर प्रशासन व मन्दिर सेवायत मौजूद रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर हुई बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में गांगवान सेवा समिति के तत्वावधान में गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी आयोजित होने वाली 12वीं महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर एक अति आवश्यक बैठक पूर्व अध्यक्ष अशोक सांगवान के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से उदय सांगवान को समिति का अध्यक्ष चुना गया। तत्पश्चात निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष होने वाली महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता इस वर्ष दो व तीन सितम्बर को आयोजित की जाएगी। दो सितंबर को महिला एवं तीन सितंबर को पुरुष टीमों के मुकाबले आयोजित होंगे।
बैठक में सत्यवीर सांगवान, रामसिंह, रामकिशन काका, डॉ प्रदीप, डिगंबर चैधरी, पुष्पेंद्र, धर्मवीर, चंद्रपाल, सौरभ आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं को दी डिजिटल लेन देन जानकारी

**जागरूकता शिविर**

**महिलाओं को शासन द्वारा नियुक्त की गई बीसी सखी द्वारा बैंकिंग लेनदेन के बारे में जानकारी दी गयी**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता की ग्राम पंचायत धीमरी में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक मिशन अनुराग दिगंबर के नेतृत्व में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इसमें महिलाओं को शासन द्वारा नियुक्त की गई बीसी सखी द्वारा बैंकिंग लेनदेन के बारे में जानकारी दी गयी। बताया कि किसी भी महिला को अपने किसी भी बैंक के खाते में वित्तीय लेनदेन के लिए अब बैंक नहीं जाना पड़ेगा। अनुराग दिगंबर ने ऑनलाइन लेनदेन के फायदे एवं सुरक्षा के बारे में महिलाओं को अवगत करवाया। इसके साथ ही सभी बीमा योजनाओं और समूह लोन में आवश्यक बातों का ध्यान रखने के बारे में बताया। समूह से अधिक से अधिक फायदा लेने की बात भी की। इस दौरान बीसी सखी फूल माला लक्ष्मण सतवीर प्रेमवती विमलेश हेमलता पुष्पा लज्जा हरिराम गोपी दारा सिंह आदि महिला पुरुष जागरूकता शिविर मे मौजूद रहे

**फोटो परिचय-** शिविर में मौजूद ग्रामीण महिलाएं।

## मथुरा में खारे पानी की समस्या लेकर जलशक्ति मंत्री से मिले महापौर

**लखनऊम/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा के महापौर विनोद अग्रवाल अपने जनपद में खारे पानी की समस्या को लेकर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से मिले। महापौर विनोद अग्रवाल ने मथुरा के लोगों की पीड़ा को जलशक्ति मंत्री को कहकर सुनाया।
इस पर जलशक्ति मंत्री ने महापौर से इसका समाधान पूछा तो उनकी ओर से समाधान कार्य बताया गया।
लखनऊ में सिंचाई व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के कार्यालय में कान्हा की नगरी मथुरा के महापौर विनोद अग्रवाल अपने जनपद के प्रमुख कार्यकताओं के साथ पहुंचे।

# एग्रो स्टैक फसल सर्वे को तैयार नहीं लेखपाल



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेशभर में 30837 पद लेखपालों के सृजित हैं। वर्तमान में इसके सापेक्ष करीब आधे पदों पर ही लेखपालों की तैनाती है। बावजूद इसके लेखपालों के जिम्मे दूसरे विभागों के काम भी थोक के भाव थोपे जा रहे हैं। इससे लेखपालों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। एग्रो स्टैक फसल सर्वे को करने से इसी के चलते लेखपाल पीछे हट रहे हैं। मीडिया प्रभारी लेखपाल नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की सर्वोच्च समिति की प्रधान कार्यालय पर हुई बैठक में लेखपालों के वर्तमान में संचालित कार्यों की अधिकता पर विस्तार से चर्चा की।
जनपद के लेखपालों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन में अपनी मंशा से अवगत करा दिया है। ज्ञापन में एग्री स्टैग योजना के नये काम में लेखपाल संवर्ग को फिर से झोंके जाने पर गहरा रोष प्रकट किया गया।
सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ एग्री स्टेग योजना का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेगा। पूर्व में भी लेखपालों को अन्य विभागों के कार्य सौंपे जाते रहे हैं। इस कार्यों को लेखपाल के जिम्मे डाल दिया जाता है, अन्य विभाग सहयोग तक नहीं करते हैं। जैसे कृषि क्षेत्र गढ़ने का कार्य कृषि विभाग का था लेकिन लेखपालों ने किया। सराहना एवं क्रेडिट मिला कृषि विभाग को। घरौनी कार्य किया लेखपाल ने किया। क्रेडिट मिला पंचायत विभाग को। सरकार द्वारा लेखपालों को दिए गए मोबाइल व लैपटॉप भी घटिया क्वालिटी के मिले हैं। सरकार द्वारा स्वं ही घटिया क्वालिटी के खराब मानते हुए कंडम घोषित किये जा चुके है।
अब बिना संसाधनों के ऑनलाइन समस्त सरकारी दायित्वों को लेखपाल कैसे पूरा करें। इसलिए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के द्वारा कृषि विभाग के अतिरिक्त कार्य एग्रो स्टैक फसल सर्वे का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

# गोवर्धन के प्राइमरी स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन सौंख तिराहे पर स्थित प्राइमरी स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का एसडीएम दीपिका मेहर और गोवर्धन सामुदायिक संगठन केंद्र प्रभारी डॉ बिजेंद्र सिंह सिसोदिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान गोवर्धन एसडीएम दीपिका मेहर ने स्कूल के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की शुरूआत। वहीं यह गोलियां दस अगस्त को सभी बच्चों को खिलाई गई और जो बच्चे रह जाएंगे उनको 17 अगस्त को खिलाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम को लेकर एसडीएम दीपिका मेहर ने कहा कि यह गोली पेट जो कीड़े होते है उनको मारने के काम में आती है। एसडीएम गोवर्धन दीपिका मेहर ने बताया कि वहीं इस बारे में एसडीएम दीपिका मेहर ने बताया कि दस अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया।जिसमें स्कूल के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुरूआत की गई है और जो बच्चे रह जाएंगे उनको 17 अगस्त को खिलाई जाएगी।

# सरकारी बिल्डिंग और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की नवीनतम जानकारी रखें अधिकारी: डीसी विक्रम सिंह

**बैठक**

**▶▶सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बैठक में बिन्दुवार विभागों के क्रियान्वयन की दी जानकारी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी बिल्डिंग और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की नवीनतम जानकारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी रखें। वहीं स्कूल और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता मटेरियल देने के लिए कहा गया। डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में स्वच्छता अभियान की समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वच्छता अभियान के तहत जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करना सुनिश्चित करें।

सरकार का स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य:-

सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को खुले में शौच से मुक्त करना तथा देश में 2041 सांवधिक कस्बे में नगरीय ठोस अपशिष्ट का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करना है।खुले में मल त्याग की प्रथा को समाप्त करना।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 में खण्ड स्तरीय कमेटी व तत्पश्चात जिला स्तरीय कमेटी ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर रिर्पोट विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा सरकार को भेजेगी। जिसके उपरान्त पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में से सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों का चयन कर जल विभाग द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार को विभाग द्वारा भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 2 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बताया कि ग्राम पंचायतों को तीन कैटेगिरी में 0 से 2000, 2000 से 5000 एवं 5000 से अधिक की जनसंख्या की कैटेगिरी में पुरुस्कार दिए जाएंगे। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने समीक्षा बैठक में बिन्दुवार विभागों के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

# उपायुक्त ने किया सेक्टर-15 व 15ए के मध्य रोड का निरीक्षण, एफएमडीए अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने गुरुवार को सेक्टर-15 व 15ए के मध्य एफएमडीए द्वारा बनाए जा रहे रोड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड का काम समय से पूरा करें ताकि आम जनता को आवागमन में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए मशीनरी और लेबर बढ़ाने के आदेश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि एफएमडीए द्वारा रोड के निर्माण के लिए जून तक की समयसीमा दी गई थी। इस पर एफएमडीए अधिकारियों ने बताया कि बरसात की वजह से बीच में काम बाधित रहा है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अब यहां मशीनरी और लेबर बढ़ाएं ताकि जल्द से जल्द यह कार्य पूरा हो सके। उन्होंने सड़क पर कुछ सीवरेज के मेनहोल को नए सिरे से बाने और सीवरेज लाईनों को दौबारा से बिछाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए और समय से भी कार्य पूरा हो।



उपायुक्त ने एफएमडीए, नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ उपायुक्त निवास से सेक्टर-15 टी प्वाइंट तक पैदल दौरा किया और हिदयात दी। इस दौरान उनके साथ नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा, नगर निगम के चीफ इंजीनियर ओमवीर सिंह, एफएमडीए के एक्सईएन विनय ढुल सहित अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अमृता अस्पताल में हुआ सफल लीवर ट्रांसप्लांट, पत्नी ने किया अपने लीवर का एक हिस्सा दान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** बांग्लादेश के एक 58 वर्षीय बिजनेसमैन, जो पिछले तीन वर्षों से लीवर सिरोसिस से जूझ रहे थे, उनको फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में नया जीवन मिला। उनकी पत्नी उनके लिए लिविंग डोनर बनकर सामने आईं और उन्होंने अपने लीवर का एक हिस्सा दान कर दिया। अस्पताल में विशेषज्ञों की अत्यधिक सक्षम और समर्पित टीम ने आठ घंटे की लंबी सर्जरी में लिवर ग्राफ्ट को बाहर निकालने वाली पहली रोबोटिक लिविंग डोनर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। 12 घंटे तक चली बेहद जटिल सर्जरी में मरीज में ग्राफ्ट ट्रांसप्लांट किया गया।

मरीज नॉन-अल्कोहलिक स्टीटोहेपेटाइटिस (एनएएसएच) नामक बीमारी से पीड़ित था, जिसमें अतिरिक्त वसा कोशिकाओं के कारण लिवर में सूजन (फैटी लिवर रोग) हो जाती है। इसके कारण, लीवर सिरोसिस (लीवर पर गंभीर घाव) के साथ, रोगी के पेट में तरल पदार्थ का निर्माण हो गया था, जिसे जलोदर कहा जाता था। उस व्यक्ति को पेट में दर्द, गैस्ट्रिक समस्याएं, अपच और थकान जैसे लक्षण थे और बार-बार होने वाली क्षति को प्रबंधित करने के लिए वह दवा ले रहा था।

इलाज के लिए मरीज फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी। हेपेटोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रमुख डॉ. भास्कर नंदी की देखरेख में मरीज पर ट्रांसप्लांट का काम किया गया। रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी 10 सर्जनों की एक टीम द्वारा की गई थी, जिसका नेतृत्व अमृता हॉस्पिटल में सॉलिड ऑर्गन ट्रांसप्लांट और हेपेटोपैनक्रिएटोबिलरी (एचपीबी) सर्जरी के प्रमुख डॉ. एस सुधींद्रन ने किया।

फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल में हेपेटोपैनक्रिएटोबिलरी (एचपीबी) सर्जरी और सॉलिड ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन के प्रमुख डॉ. एस सुधींद्रन ने कहा, "यह हमारे अस्पताल में आयोजित पहला लाइव डोनर ट्रांसप्लांट था। रोबोटिक सर्जरी के उपयोग ने इस माइलस्टोन में एक अनूठा पहलू जोड़ा है। लीवर ट्रांसप्लांट, डोनर और रिसिपिएंट के लिए सर्जरी उचित समय पर की जानी चाहिए। इस मामले में डोनर के लीवर को नवीनतम दा विंची एक्सआई रोबोट का उपयोग करके लेफ्ट और राइट भागों में काटा गया था। लीवर के दाहिने हिस्से को हटा दिया गया और रिसिपिएंट में उसके नॉन-फंक्शनिंग लीवर को बदलने के लिए प्रत्यारोपित किया गया। इस सर्जरी की सफलता सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने और जटिलताओं को कम करने के लिए विशेषज्ञों की एक विविध टीम के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर निर्भर थी।"

डॉ. एस सुधींद्रन ने डोनर रोबोटिक सर्जरी के लिए दा विंची एक्सआई रोबोट के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए सर्जरी का एक व्यापक अवलोकन दिया। उन्होंने कहा, ह्लएक सर्जन ने प्रक्रिया के दौरान रोगी से दूर रखे गए कंसोल से रोबोट को नियंत्रित किया, और दूसरे सर्जन ने रोगी के बगल से सहायता प्रदान की। हालांकि, सर्जिकल जटिलता इसमें भी ओपन सर्जरी जितनी ही जटिल है, रोबोटिक सर्जरी और ओपन सर्जरी के बीच मूलभूत अंतर पेट के निचले हिस्से में छोटा, छिपा हुआ निशान है, जो महिला सीजेरियन निशान जैसा दिखता है। रोबोटिक तकनीक से घाव संबंधी समस्याएं जैसे दर्द, लंबे समय तक हर्निया की संभावना काफी कम होती है। यह तकनीक उन युवा दाताओं के लिए उपयुक्त है जो जीवन भर अपने पेट के ऊपरी हिस्से पर कोई बड़ा निशान नहीं रखना चाहते हैं।ह्व

फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में हेपेटोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रमुख डॉ. भास्कर नंदी ने कहा, "रोबोटिक सर्जरी पारंपरिक ओपन सर्जरी की प्रमुख कमियों को दूर करके और लीवर प्रत्यारोपण के उम्मीदवारों को आशा देकर चिकित्सा उपचार की सीमाओं का विस्तार करती है। यह अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक बड़े चीरों को खत्म करके और समस्याओं को कम करके डोनर्स और रिसिपिएंट्स दोनों के लिए बेहतर भविष्य प्रदान करती है। प्रत्यारोपण के बाद बचा हुआ लीवर तेजी से अपने मूल आकार में वापस आ जाता है, जो जीवित लीवर दाताओं की अविश्वसनीय पुनर्जनन क्षमता को प्रदर्शित करता है और उन्हें असाधारण रूप से सुरक्षित और शक्तिशाली चिकित्सा विकल्प बनाता है। जीवित दाता प्रत्यारोपण का अद्भुत उपहार लिवर की अपूरणीय समस्याओं, जैसे फैटी लिवर अधः पतन और चयापचय रोगों का इलाज कर सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि जब बात अपने स्वास्थ्य की आती है तो लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए और आवश्यक जीवनशैली में बदलाव करके एनएएसएच से जुड़े मेटाबोलिक सिंड्रोम और सिरोसिस के प्रकोप को रोकने का प्रयास करना चाहिए।

### अरावली में मुठभेड़ के बाद नूंह हिंसा के दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
नूंह हिंसा के आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने अरावली में छिपे दो उपद्रवियों को काबू किया है। इस दौरान मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में भी गोली लगी। पुलिस क्षेत्र में सर्च अभियान चला रही है। गौरतलब है कि 31 जुलाई को नूंह जिला के नल्हड़ में ऐतिहासिक शिव मंदिर में बृज मंडल यात्रा निकाली जा रही थी।

इसी दौरान यात्रा पर हमला कर दिया गया। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# सरसों का तेल अब मिलेगा 20/- रुपये प्रति लीटर की रियायती दर पर: डीसी

**डीबीटी**

**▶▶कहा, पहले सरसों तेल के स्थान पर 250 /- रुपये प्रति परिवार डीबीटी दी जा रही थी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि एएवाई व बी.पी. एल. परिवारों को मास जून, 2021 से सरसों तेल के स्थान पर 250/- रुपए प्रति परिवार डी.बी.टी. दी जा रही थी। लेकिन राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों के हितों के मद्देनजर इस स्कीम पर पुनर्विचार करते हुए निर्णय लिया है कि ऐसे एएवाई / बी.पी.एल. परिवार जिनकी परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है, को मास जुलाई, 2023 से 2 लीटर फोर्टिफाइड सरसों का तेल 20/- रुपये प्रति लीटर की रियायती दर पर पी. डी. एस. के तहत वितरित किया जायेगा। जिला फरीदाबाद में इस स्कीम में प्रत्येक मास लगभग 18 लाख एएवाई / बी.पी.एल. परिवार लाभान्वित होंगे।राज्य सरकार द्वारा सरसों का तेल उपलब्ध करवाने के लिए राज्य की दो एजेंसियों हैफेड तथा हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज (हरहित) को चुना गया है। जिनके द्वारा प्रत्येक माह सरसों का तेल कान्फैड के फोकल प्वाइंट पर डिलीवर किया जायेगा। इसके लिये हैफेड को 15 व हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज (हरहित) को 7 जिले अलाट किए गए हैं। सरसों के तेल का वितरण लाभार्थियों को बिना यंत्र के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण उपरांत डिपो धारकों के माध्यम से मास जुलाई, 2023 से किया जाना था। परन्तु किसी कारणवश जो लाभार्थी मास जुलाई 2023 के लिए आवंटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गये थे, उन्हें मास अगस्त 2023 के साथ-साथ मास जुलाई 2023 का सरसों तेल वितरित किया जाएगा। इस प्रकार मास अगस्त 2023 में पात्र लाभार्थियों को मास जुलाई तथा अगस्त 2023 का सरसों तेल एक साथ वितरित किया जाएगा । दोनों महीनों के लिए बायोमेट्रिक पंच/bio-metric punch अलग-अलग किया जाएगा। जहां सरसों का तेल FSSAI stamped होगा और प्रत्येक सरसों तेल की बोतल पर Not for sale for PDS only होगा।

# केजरीवाल की नीतियों बनी मिसाल: भाटी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-42 में लोगों से जनसंपर्क करके उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से रूबरू करवाया। इस दौरान हरेन्द्र भाटी ने लोगों को बिजली आंदोलन में अपनी भागेदारी निभाने का भी आह्वान किया। नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए हरेंद्र भाटी ने कहा कि हरियाणा में बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है, कांग्रेस-भाजपा के शासनों से जनता बुरी तरह से त्रस्त है और आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहले दिल्ली और फिर पंजाब में जनता के हितों के लिए जो कार्य किए है, वह देशभर में मिसाल बन गए है और जनता ऐसी ही पार्टी को सत्ता में देखना चाहते है, जो उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवा सके। हरेन्द्र भाटी ने कहा कि कांग्रेस-भाजपा सरकारों ने भ्रष्टाचार करके इस देश और प्रदेश को लूटने का काम किया है, जबकि आम आदमी पार्टी हरियाणा की राजनीति में नया बदलाव करेगी और अगर सत्ता में आई तो लोगों को निशुल्क बिजली-पानी सहित अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

### गोपाल कांडा के घर व दफ्तर में बीस घंटे चली ईडी की सर्च

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री एवं सिरसा के विधायक गोपाल कांडा के आवास पर दफ्तरों में बुधवार को शुरू हुई ईडी की रेड गुरुवार सुबह तीन बजे तक जारी रही। ईडी के अधिकारियों ने कांडा के ठिकानों पर बीस घंटे तक सर्च करके कई अहम दस्तावेज कब्जे में लिए हैं।

हाल ही में अपनी एयरलाइन कंपनी एमडीएलआर की एयर होस्टेज केस से बरी हुए गोपाल कांडा पर ईडी ने शिकंजा कसा हुआ है। बुधवार सुबह 6 बजे गुरुग्राम पहुंची ईडी की टीम गुरुवार की सुबह 3 बजे यहां से रवाना हो गई।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सांस्कृतिक टीमों का चयन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गुरुवार को जिला स्तरीय व उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम चयन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद मनोज मित्तल, डीओसी सरोज बाला ने सभी सांस्कृतिक टीमों का अंतिम चयन किया। इस बार जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फरीदाबाद में प्रदेश के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्यमंत्री संदीप सिंह ध्वजारोहण करेंगे, बल्लभगढ़ में विधायक सीमा त्रिखा व बडखल में विधायक दीपक मंगला ध्वजारोहण करेंगे। गुरुवार का सेक्टर-12 स्थित जिलास्तरीय खेल परिसर में आयोजित सांस्कृतिक टीमों का चयन किया गया। इनमें फरीदाबाद में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद का राजस्थानी डांस, राजकीय मॉडल सीनयर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा का देश भक्ति गीत, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी पांच का हरियाणवी डांस, डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-29 का देशभक्ति गीत और राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी नंबर-2 का समूह नृत्य शामिल है। बडखल उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद का राजस्थानी नृत्य, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा का देशभक्ति गीत, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नंबर-5 का हरियाणवी नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर-2 का देशभक्ति गीत शामिल हैं। इसके अलावा परेड के लिए अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बैंड सहित 13 टुकडि?ों का चयन किया गया है।

# भारी भरकम बिजली के बिलों से बहुत दुखी हैं फरीदाबाद के लोग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने बिजली आंदोलन शुरू कर दिया है और इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने पार्टी के कई नेताओं के साथ एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के मागर , कोट गांव, सिरोही,आलमपुर, खोरी गांव पहुंचे और लोगों को बताया कि लोगों को दिल्ली और पंजाब में आ रहे जीरो बिजली बिल सुपुर्द किए जा रहे हैं। उन्हें कहा जा रहा है कि हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने की सूरत में लोगों को भारी भरकम बिलों से निजात दिलवाई जाएगी। धर्मबीर भड़ाना के अनुसार लोगों ने बताया कि फरीदाबाद में



फिलहाल बिजली का बुरा हाल है। सरकार बिजली बिल बढ़ाती जा रही है और बिजली सप्लाई कम हो रही है। कभी नॉन एनर्जी के नाम पर तो कभी कुछ और कारण बताकर बिल बढ़ाए जा रहे हैं। चार-चार घंटे बिजली कट लग रहे है और कंप्लेंट के लिए फोन करते है तो बिजली अधिकारी फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझते। बिल कई -कई हजार का आ रहा है और बिजली आ ही नहीं रही है। उन्होंने कहां की दिल्ली और पंजाब में लाखों लोगों का बिजली का बिल जीरो आ रहा है और 24 घंटे बिजली भी दी जा रही है । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा में सबसे ज्यादा फरीदाबाद में बिजली के नाम से लूट मची है । तमाम सोसाइटियों में 25 से लेकर 30 रुपए यूनिट तक बिजली बेची जा रही है । सरकार और बिजली अधिकारी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं और लोग लूट रहे हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार आते ही ऐलूट तुरंत बंद करवाई जाएगी । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव मेहर चंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार पूरी तरह से फेल है । सत्ताधारी नेता सिर्फ जुमलेबाजी में व्यस्त है ।

# उद्योगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती नहीं बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण हमारा उद्देश्य: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती करना हमारा मुख्य उद्देश्य नहीं बल्कि फरीदाबाद जिला के संपूर्ण क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का सुधार हमारा लक्ष्य है। वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जो भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, वे सर्वजन के हित में हैं। वायु गुणवत्ता आयोग किसी भी कृषि क्षेत्र और उद्योगों के खिलाफ नहीं है। परन्तु सभी कृषि क्षेत्रों और उद्योगिक इकाईओं को वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए जो भी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, उनका



पालन अवश्य करना होगा। यह बात एडीसी आनन्द शर्मा ने आज वीरवार दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पर्यावरण विभाग के अधिकारियो और उद्योगिक संगठनों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ सुझाव सांझे करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उद्योगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सख्ती नहीं बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण हमारा उद्देश्य है। वहीं फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता का सुधार हमारा लक्ष्य है, वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जो भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उनके लिए पर्यावरण विभाग के अधिकारियो और उद्योगिक संगठनों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ सुझाव सांझे किए गए हैं। जिला फरीदाबाद में डीजी सैट जेनरेटर को आधुनिक तकनीकी से बदलाव जरूरी है। बता दें कि हरियाणा के कृषि क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुख्य कारण फसलों के अवशेष जलाने, कच्चे रास्तों पर उड़ती धूल लैंडफिल में आग क्रेशर कंस्ट्रक्शन वेस्ट है। जिसे काबू में करना बेहद जरूरी है। वर्ष 2022 में एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए आयोग द्वारा विभिन्न स्थानों पर हो रहे कंस्ट्रक्शन कार्य को रुकवाया गया था। एक्यूआई 400 के पार होना गंभीर श्रेणी में आता है जोकि साधारण व्यक्ति के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। आयोग द्वारा लागू की गई एडवाइजरी के परिणाम है एक दिन में नहीं प्राप्त हो सकते। इसके लिए हमें निरंतर संयुक्त प्रयास करने होंगे।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित पूरे हरियाणा में एक्यूआई रेकॉड किया गया। यह नंबर अभी भी संतोषजनक नहीं है। स्थिति के भयावह होने से पहले ही हमें ठोस कदम सामूहिक कदम उठाने होंगे। हालांकि आयोग द्वारा किये गए अभी तक के प्रयासों से हमें कुछ सफलता जरूर प्राप्त हुई है।

# हिसार में शराब ठेके पर लूट, गोली चलाकर 40 हजार ले गए बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
निकटवर्ती गांव सातरोड कलां में शराब ठेके पर फायर करके दो अज्ञात युवक 40 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और पुलिस को सूचना दे दी गई है। ठेके के सेल्समैन प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सातरोड कला ठेके पर काम करता है। नौ अगस्त की रात को ठेके पर बैठा था कि इस दौरान दो लड़के दौड़कर ठेके पर आए। दोनों के हाथों में पिस्तोल थे। एक लड़का ठेके के बाहर खड़ा हो गया



जिसने बाहर से लोहे के गेट पर फायर किया। दूसरा लड़का ठेके के अंदर घुस गया। प्रदीप के अनुसार लुटेरे ने कहा कि जितना कैश है, मेरे को दे दो।

इसके बाद उसने एक फायर छत की तरफ किया और कहा कि जल्दी कैश दो, नहीं तो अगली गोली तुझे मारूंगा। वह डर गया और वह और संजू दोनों साथ वाले कमरे में छिप गए। लुटेरों ने करीब 30 से 40 हजार रुपए गल्ले से निकाल लिए और फरार हो गए। प्रदीप ने शक जताया है कि इन दोनों के साथ कोई तीसरा लड़का भी है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है, जिसके आधार पर अपराधियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

